सेंट मारग्रेट सी. सै. स्कूल

सैंपल पेपर

विषय– हिंदी

कक्षा- 4

नाम: ____________________________ **रोल नo: _________**

समय: 1.5 घंटे **अंक: 40**

निर्देश - सभी प्रश्नों के उत्तर लिखना अनिवार्य है।

(अपठित बोध)

प्र.1 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए: - **5**

गाँव में एक सुंदर सा तालाब था। तालाब के किनारे पेड़ थे और आसपास हरियाली छायी हुई थी। तालाब में छोटी-छोटी मछलियाँ तैरती थीं। बच्चे तालाब के पास खेलते थे और पानी में पत्थर फेंकते थे। तालाब के चारों ओर रंग-बिरंगे फूल खिले हुए थे। हर सुबह पक्षियों की चहचहाहट से वातावरण संगीतमय हो जाता था। लोग तालाब की ओर आकर सुबह की ताज़गी महसूस करते थे और शांति का अनुभव करते थे।

1. तालाब के चारों ओर क्या खिले हुए थे?

क) घास ख) फल ग) सब्जियाँ घ) रंग-बिरंगे फूल

2. तालाब में छोटी-छोटी _________ तैरती थीं।

क) चिड़ियाँ ख) चील ग) तितलियाँ घ) मछलियाँ

3. लोग तालाब की ओर आकर क्या अनुभव करते थे?

क) शांति ख) अशांति ग) दुख घ) शीतलता

4. बच्चे तालाब के पास क्या करते थे?

5. हर सुबह वातावरण में क्या सुनाई देता था?

(व्याकरण)

प्र.2 निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए: - **7X1=7**

क) जो संज्ञा शब्द मन के भावों के बारे में बताते हैं उन्हें ____________संज्ञा कहते हैं |

i) जातिवाचक ii) भाववाचक iii) व्यक्तिवाचक iv) कोई नहीं

ख) “लिंग” के कितने भेद है?

i) दो ii) एक iii) तीन iv) चार

ग) निम्नलिखित में से” ग्वाला “शब्द का स्त्रीलिंग चुनिए:

i) ग्वाला इन　　ii) ग्वाली　　iii) ग्वालिका　　iv) ग्वालिन

घ) पुरुष जाति का बोध कराने वाले शब्द ______________ कहलाते है।–

i) लिंग　　ii) वचन　　iii) पुल्लिंग　　iv) स्त्रीलिंग

ङ) विराम का सही अर्थ चुनिए: -

i) चलना　　ii) तोड़ना　　iii) रुकना　　iv) भगाना

च) हार” का सही अनेकार्थी शब्द चुनिए: -

i) माला　　ii) मानव　　iii) मान　　iv) मकान

छ) (!) चिह्न का नाम चुनिए: -

i) अल्पविराम　　ii) पूर्णविराम　　iii) प्रश्नवाचक चिह्न　　iv) विस्मयबोधक चिन्ह

(ख) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए: -　　3X1=3

1. वर्तनी की दृष्टि से “ परिक्षा “ का शुद्ध शब्द लिखिए |
2. “मत” शब्द का सही अनेकार्थक शब्द लिखिए |
3. उचित स्थान पर विरामचिह्न लगाइए: - कौन आया है

प्र.3 पठित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:-　　5X1=5

पेड़ों से सूखे पत्ते,

हवा साथ जब झड़ते,

बाग- बगीचे- उपवन

सब सुने- सुने लगते।

कितना दिल इसका पत्थर ।

कहते हम इसको पतझड़।

1. यह पंक्तियाँ किस कविता से ली गई हैं?
2. इन पंक्तियों में किस ऋतु का वर्णन है?
3. “उपवन” शब्द पर वाक्य बनाइए: -
4. पतझड़ ऋतु में पत्ते कैसे हो जाते हैं?

   i) गीले　　ii) सूखे　　iii) नए　　iv) पुराने

5. किस ऋतु को पत्थर बताया गया है?

i) गर्मी ii) जाड़े iii) वर्षा iv) पतझड़

(साहित्य)

प्र.4 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अंक के अनुसार दीजिए: -

क) अमन किसे ले जाना रोज़ भूल जाता था? **1**

ख) बालक जगदीश के सहपाठी कौन थे? **2**

ग) सूरज को मारने पर माँ ने सलोनी से क्या कहा? **2**

घ) जगदीश चंद्र बसु ने अंग्रेज़ों का विरोध क्यों किया? **2**

ङ) अमित और मनीष के व्यवहार में क्या अंतर था? **3**

प्र.5 क) किसने किससे कहा? **1X1=1**

इसे गुब्बारा चाहिए था |

(ख) दिए गए शब्दों के अर्थ लिखिए: - **2X1=2**

क) यंत्र

ख) पोशाक

(ग) "आफ़त की पुड़िया" पर वाक्य बनाओ: - **1X1=1**

(घ) रिक्त स्थान भरिए: **2 X ½=1**

क) बालक जगदीश अपने पिता से अनेक _____________पूछता।

ख) सलोनी अपने भाई के गुम हो जाने पर बहुत_______________ थी|

(लेखन)

प्र.6 नए विद्‌यालय के बारे में अपने मित्र को बताते हुए पत्र लिखिए:- **5**